


## एक नजर में

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर रंगोली कला का आयोजन



**घट्टिया।** संस्कार कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के प्रथम दिन गुरुवार को रंगोली निर्माण का आयोजन किया गया। संचालक रविंद्र सिंह रालामंडल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर आधारित रंगोली निर्माण किया। कार्यक्रम प्रभारी एवं विज्ञान विषय शिक्षिका कु. मुस्कान ठाकुर ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता का विषय विज्ञान विषय से संबंधित रखा गया, जिससे बच्चों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में 43 बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुस्कान ठाकुर, प्रीति प्रजापत, नेहा राजपूत, गीतांजलि प्रजापति, अंजली आदि उपस्थित थे।

### नरवाई प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित



**घट्टिया।** आगामी फसल गेहूं कटाई के बाद नरवाई प्रबंधन हेतु एसडीएम राजाराम करजरे के निर्देशानुसार तहसील क्षेत्र घट्टिया के अंतर्गत आने वाले हार्वेस्टर संचालकों की बैठक गुरुवार को तहसील कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। तहसीलदार आदर्श शर्मा की उपस्थिति में आयोजित बैठक में हार्वेस्टर संचालकों को नरवाई प्रबंधन हेतु शासन की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए बिना स्ट्रा रीपर के गेहूं ना काटने की चेतावनी दी गई। साथ ही सचेत किया कि बगैर स्ट्रा रीपर के गेहूं कटाई करने पर उनके खिलाफ एफआईआर सहित दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। हार्वेस्टर संचालकों ने भी इस पर सहमति जताई गई व कहा गया कि कृषकों को नरवाई न जलाने हेतु जागरूक करने में हार्वेस्टर संचालक भी सहयोग करेंगे। बैठक में तहसीलदार आदर्श शर्मा, सहायक कृषि यंत्री उज्जैन पीसी सिसोदिया, वैभव प्रजापत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रजनी गुजराती एवं कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

### 60वीं पुण्यतिथि पर उठी मांग, सावरकर को मिले भारत रत्न

**उज्जैन।** स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि पर समाजसेवी मिलिंद पन्हालकर ने सावरकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शासन से उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की। पन्हालकर ने मुनि नगर चौराहा दो तालाब स्थित सावरकर उद्यान में वीर सावरकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सरकार से उन्हें यह सम्मान देने का आग्रह किया है। इस दौरान अतुल करंदीकर, महेंद्र गोरे, प्रदीप जोग, बसंत आप्टे और प्रभाकर गाढ़े सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग पन्हालकर विगत 4 वर्षों से कर रहे हैं।



# भारतीय मजदूर संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- पुलिस पर कार्रवाई न करने और उल्टे पीड़ितों पर केस दर्ज करने का आरोप, राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत दी चेतावनी




**उज्जैन।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन के तहत, हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल, उज्जैन ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने नगर निगम कर्मचारियों और असामाजिक तत्वों द्वारा महिला पथ विक्रेताओं के साथ मारपीट, अभद्रता और सामान लूटने की घटनाओं पर कड़ा विरोध जताया है।

**स्ट्रीट वेंडर एक्ट के उल्लंघन का आरोप:** ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 5 फरवरी को मोनू थनवार, आनंद भैरवे, नितिन बाली, अंगत बाली, मोईनुद्दीन चौधरी और अन्य कर्मचारियों ने स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 और वेंडिंग सर्टिफिकेट होने के बावजूद गैरकानूनी तरीके से सामान जब्त किया। जब्ती के दौरान न तो कोई सीजर मेमो दिया गया और न ही टीवीसी कमेटी की सिफारिश ली गई।

संघ का कहना है कि जब 6 फरवरी को पदाधिकारी फायर बिग्रेड झोन क्रमांक 2 पर बात करने पहुंचे, तो वहां पहले से रची गई साजिश के तहत महिलाओं और पुरुष साथियों के साथ मारपीट की गई।

### पुलिस की भूमिका पर सवाल

व्यापारी संघ ने पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया है। संघ के अनुसार, घटना के वीडियो फुटेज और ऑडियो रिकॉर्डिंग एसपी और थाना प्रभारी को सौंपे जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने मोनू थनवार और उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके विपरीत, 6 फरवरी को उल्टा फरियादी पक्ष (व्यापारियों) पर ही झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि झूठा प्रकरण खत्म कर दोषियों पर तत्काल लूट और मारपीट का मामला दर्ज किया जाए और जब्त सामान वापस मिले। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद शिंदे, जिला अध्यक्ष मनीष कारपेंटर, विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष तूफान शर्मा, संजय चौहान, कालूराम, लक्ष्मीनारायण रजक, सुरेश माली, राधेश्याम कहार, रवि कहार, रामकुमार सोनी, धर्मेंद्र लोधी, संजय पटेल, रवि प्रजापत, बंटी प्रजापत और मुबारक खान शामिल थे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पथ विक्रेता भी मौजूद रहीं, जिनमें सुमित्रा सिंह चौहान, माया जाट, मंजू चौहान, रामकुमार बाई, आरती पांचाल, किरण मेहरा, मधु लोधी, जय देवी लोधी, बसंती बाई, रूपा बाई, कलावती गहलोत, किरण ठाकुर और रानू कहार आदि शामिल थीं।

## श्रीराम महल दरबार में निशान यात्रा और फाग महोत्सव मेला आज

**उज्जैन।** उज्जैन में होली महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं और धार्मिक उत्साह का माहौल बन चुका है। इसी कड़ी में श्री राम महल दरबार, खाटू श्याम जी मंदिर में परंपरानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को परम पूज्य बाबा साहब अंजनी सखी गुरुजी के सान्निध्य में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस पावन आयोजन में खाटू श्याम बाबा की दिव्य ज्योत श्रृंगार दर्शन, 56 भोग प्रसादी, फूलों की होली, मधुर भजन संध्या और भोजन प्रसादी का विशेष प्रबंध रहेगा। दोपहर 3 बजे पिपली नाका चौराहे से निशान यात्रा का शुभारंभ होगा, जिसमें हजारों श्याम प्रेमी भक्त शामिल होंगे। यात्रा श्री राम महल दरबार तक पहुंचेगी। कई जगह मंचों से बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी–भक्तों का स्वागत किया जाएगा।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 पर विज्ञान और नवाचार उत्सव




**बड़नगर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा एमपी कौंसिल आफ साईंस एंड टेक्नालॉजी के उत्प्रेरक एवं सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो सुनील उड़ीवाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के प्रथम दिन विद्यार्थियों को सीवी रमन के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया एवं पहले दिन के व्याख्यान में प्रो. वी के गुप्ता जो कि आईएपीटी–आरसी–9 के लाइफटाइम मेंबर और को–आडिनेटर भी हैं के द्वारा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास, नवाचार को प्रोत्साहन तथा महिलाओं की विज्ञान के क्षेत्र में भूमिका पर व्याख्यान दिया गया।

साथ ही युवाओं में जिज्ञासा और अनुसंधान और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जानकारी प्रदान की गई। तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अगले चरण में विशेषज्ञ व्याख्यान, छात्र प्रस्तुतियां, क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान आधारित गतिविधियां एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. कविता मांडरे द्वारा किया गया एवं डॉ. नेहा डोडिया द्वारा अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया एवं आभार डॉ. सुनीता कुमावत ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफ डॉ. किरण मंडलोई, डॉ. सुनीता कुमावत, अनुराधा यादव, पुष्पेंद्र परमार, अनिमेष शर्मा, डॉ. अर्चना शर्मा सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# सहकारिता से होगा किसानों और पशुपालकों का आर्थिक विकास, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण शुरू

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ (भोपाल) और जिला सहकारी संघ (उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन तहसील की दुग्ध सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ हुआ।

पंथपिपलई के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि सदस्यों और प्रबंधकों के सहयोग से सहकारिता नए कार्यों के क्षेत्र में अग्रसर हो रही है, और इसी एकजुटता के कारण भारत सहकारिता में विश्व में सिरमौर है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उपायुक्त (सहकारिता) के. पाटनकर ने ऐसे प्रशिक्षण शिविरों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इनसे समाज, किसान, पशुपालक, महिला, युवा और कमजोर वर्गों की आर्थिक उन्नति व विकास में मदद मिलेगी। इंदौर सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य दिलीप मरमट ने नई सहकारी नीति श्वेत क्रांति 2 की जानकारी दी।




### सदस्यों को मिला 1 .37 लाख का बोनस

इस अवसर पर पंथपिपलई दुग्ध सहकारी संस्था द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में आने वाले सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। संस्था द्वारा अपने लाभांश में से सभी सदस्यों को कुल 1,37,500 रुपये की बोनस राशि का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष कमलसिंह आसावद, सरपंच मोहनसिंह आसावद, शिवकुमार गेहलोत सहित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक उपस्थित रहे।


AMALTAS UNIVERSITY

"फार्मेसी शिक्षा: सुरक्षित भविष्य की ओर एक सशक्त कदम"

AMALTAS INSTITUTE OF PHARMACY
(AMALTAS UNIVERSITY, DEWAS (M.P.)
Ujjain Dewas Highway, Bangar, Dewas (M.P.) 455001
(Approved by PCI, New Delhi & affiliated by Amaltas University, Dewas)
Email:amaltaspharmacy@gmail.com, Contact No. 9685096514, 7880154607

&

Index INSTITUTE OF PHARMACY
(MALWANCHAL UNIVERSITY, INDORE (M.P.)
Index City, Near Khudel, Nemawar Road, NH-59A, District Indore, (M.P.) 452015
(Approved by PCI, New Delhi & affiliated by Malwanchal University, Indore)
Email:indexpharmacyprincipal@gmail.com; Contact No. 9755008288, 9685096542

FACULTY REQUIRED

Applications / CV are invited for following Position

TEACHING POSITIONS :

Professor, Associate Professor
Assistant Professor
Specializations Required :
Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology
QA, Pharmacognosy, Industrial Pharmacy, Pharmacy Practice

Lecturer
Specializations Required :
B.Pharm with minimum
3 years experience

OTHER POSITIONS :

Lab Technician
D.Pharm / B.Pharm

Qualification as Per PCI/UGC Norms
Salary No Bar for Deserving Candidates, Eligible and interested candidates must submit their CV along with Supportive documents at
amaltaspharmacy@gmail.com &
indexpharmacyprincipal@gmail.com

Contact : 9685096514, 9755008288
7880154607, 9685096542





अमलतास
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल,देवास

विशेषज्ञ देखभाल | उन्नत चिकित्सा | विश्वसनीय डॉक्टर
विश्वसनीय स्वास्थ्य उपचार का प्रतीक

हमारे विशेषज्ञ चिकित्सक





डॉ. संतोष काबरा
ऑर्थोपेडिक एवं रोबोटिक विशेषज्ञ
हड्डी रोग एवं रोबोटिक सर्जरी:
सटीक उपचार, तेज़ रिकवरी की ओर कदम
- रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण
- कुल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी
- ट्रॉमा एवं फ्रैक्चर उपचार





डॉ. विनोद राज
शिशु एवं बाल शल्य चिकित्सक विशेषज्ञ
बाल शल्य चिकित्सा:
बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव
- बाल सामान्य सर्जरी
- नवजात शल्य चिकित्सा देखभाल
- न्यूनतम चीरा शिशु सर्जरी





डॉ. अंकित चोयाल
मूत्र एवं पथरी रोग विशेषज्ञ
मूत्र एवं पथरी रोग विभाग:
सम्पूर्ण मूत्र रोग उपचार में विशेषज्ञता
- पथरी उपचार
- प्रोस्टेट उपचार
- उन्नत मूत्र रोग सर्जरी





डॉ. आशीष शर्मा
न्यूरोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ:
मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र की उन्नत देखभाल
- स्ट्रोक प्रबंधन
- मिर्गी उपचार
- तंत्रिका रोगों की संपूर्ण देखभाल

ट्रॉमा सेंटर | 24x7 आपात सेवा | उन्नत सर्जरी | आईसीयू सुविधा






24x7 इमरजेंसी केयर
1800-5712-120

अमलतास सिटी, देवास उज्जैन हाईवे, ग्राम बांगर (म. प्र.) 455001